संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शनिवार, 15 अप्रैल 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 103 पृष्ठः 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती पर संसद भवन परिसर में श्रद्धांजलि अर्पित की।

# केजरीवाल तक पहुंची शराब घोटाले की जांच

## शराब नीति केस में 16 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया; आप बोली- सीएम को जेल में डालने की साजिश, केजरीवाल सीबीआई मुख्यालय जाएंगे और जांच में शामिल होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने 16 अप्रैल सुबह 11 बजे बुलाया है। जानकारी सामने आ रही है कि केजरीवाल से भी दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले को लेकर सवाल जवाब करेगी। अब यह बात भी सामने आ रही है कि केजरीवाल सीबीआई मुख्यालय जाएंगे और जांच में शामिल होंगे। सीबीआई द्वारा केजरीवाल को पूछताछ के नोटिस भेजे जाने पर आम आदमी पार्टी की ओर से पहली प्रतिक्रिया देते हुए सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर लिखा, अत्याचार का अंत जरूर होगा। उन्होंने इस मुद्दे पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मैंने अरविंद केजरीवाल से पहले ही कह दिया था कि जेल जाने का अगला नंबर आपका है। ये लोग (बीजेपी) मोदी जी का भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कुछ भी करेंगे और आज सीबीआई का समन आ गया।



### आबकारी घोटाला

= मैंने अरविंद केजरीवाल से पहले ही कह दिया था कि जेल जाने का अगला नंबर आपका है : संजय सिंह

### केजरीवाल के खिलाफ साजिश रची गईः सांसद संजय सिंह

**संजय** सिंह ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि आपने देश का पैसा अपने दोस्त (अडानी) के बिजनेस को बढ़ाने के लिए लगाया है। केजरीवाल के खिलाफ साजिश रची गई। लेकिन इस साजिश के खिलाफ केजरीवाल की लड़ाई रुकेगी नहीं। आपने जो लाखों करोड़ों रुपये का घोटाला किया है उसके बारे में देश के हर कोने में जाकर बताना जरूरी है। जिस केजरीवाल ने दिल्ली को स्वच्छ पानी, मुफ्त बिजली और बेहतर शिक्षा दी। भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी मुहिम थमने वाली नहीं है। आपने अपने दोस्त के साथ मिलकर लाखों करोड़ों का घोटाला किया। उसे दबाने के लिए ये गिरफ्तारी की साजिश रच रहे हैं। केजरीवाल पहले भी आपसे लड़ते रहे हैं और आगे भी आपसे लड़ते रहेंगे। आगे भी भ्रष्टाचार के खिलाफ ये मुहिम जारी रहेगी।

### सिसोदिया पहले से ही सीबीआई ईडी की हिरासत में

**दिल्ली** के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया इसी मामले में ईडी की हिरासत में हैं। उन्हें 26 फरवरी को सीबीआई ने 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। 7 दिन की सीबीआई रिमांड के बाद कोर्ट ने 6 मार्च को सिसोदिया को 20 मार्च (14 दिन) की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजा था। यहां ईडी ने दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम से शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ की थी, जेल से ही एजेंसी ने सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल मनीष सिसोदिया ईडी की कस्टडी में हैं। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सिसोदिया की कस्टडी 17 अप्रैल तक बढ़ा दी थी। सिसोदिया की जमानत पर कोर्ट 18 अप्रैल को सुनवाई करेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी की टीम इस मामले में गिरफ्तार दो अन्य आरोपियों के साथ तिहाड़ पहुंची थी।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम थमने वाली नहीं: सिंह

**केजरीवाल** ने दिल्ली विधानसभा में प्रधानमंत्री और उनके दोस्त के बारे में पैसे को लेकर जो बात सामने रखी थी, उसी के चलते यह नोटिस केजरीवाल को आया है।

**सिसोदिया पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार**

दिल्ली सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने 26 फरवरी को आठ घंटे की लंबी पूछताछ के बाद सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। वह सीबीआई मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। इसके अलावा ईडी के मनी लांड्रिंग मामले में भी न्यायिक हिरासत में हैं। आपने जो लाखों करोड़ों रुपये का घोटाला किया है उसके बारे में देश के हर कोने में जाकर बताना जरूरी है। जिस केजरीवाल ने दिल्ली को स्वच्छ पानी, मुफ्त बिजली और बेहतर शिक्षा दी। भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी मुहिम थमने वाली नहीं है।

## मेरी भी हत्या की जा सकती हैः चन्नी



**टीम एक्शन इंडियाचंडीगढ़**

**पंजाब** के पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर आरोप लगाया कि वे मेरी हत्या करवा सकते हैं। चन्नी से आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस को पूछताछ करनी है। चंडीगढ़ स्थित पंजाब कला भवन में चरणजीत चन्नी ने कहा, 'विजिलेंस ने जांच में शामिल होने के लिए पहले 12 अप्रैल को बुलाया था। मैंने उन्हें कहा कि मैं बिजी होने की वजह से नहीं आ सकता।'

चन्नी बोले- तैयार हूं, अकेले विजिलेंस दफ्तर जाऊंगाः चन्नी बोले, 'विजिलेंस ने फिर मुझे 20 अप्रैल को बुलाया था।

## जी-20 देशों ने भारत के प्रस्तावों का समर्थन कियाः वित्त मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन**

**जी-20** समूह के सदस्य देशों ने भारत के अनेक प्रस्तावों का समर्थन किया है। इस पर सक्रिय बातचीत हो रही है। केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण ने जी-20 देशों के अपने अनेक समकक्षों के साथ सिलसिलेवार मुलाकात के बाद यह बात कही। सीतारमण ने गुरुवार को वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक समूह की 2023 स्प्रिंग बैठकों से इतर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जी-20 देशों के समकक्षों के साथ मुलाकात बेहतर रही। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि भारत के ज्यादातर प्रस्तावों को अच्छा समर्थन मिला है। इसको लेकर सक्रिय जुड़ाव हो रहा है।

वित्तमंत्री ने कहा कि भारत को दिसंबर में जी-20 की अध्यक्षता मिली थी।

## देश में 220 किमी की स्पीड से दौड़ेगी ट्रेनें



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश** में हाई-स्पीड ट्रेनों की टेस्टिंग के लिए इंडियन रेलवे हाई-स्पीड टेस्ट ट्रैक डेवलप रहा है। इस ट्रैक पर 220 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलने वाली ट्रेनों की टेस्टिंग की जाएगी। रेलवे 59 किलोमीटर का यह टेस्टिंग ट्रैक राजस्थान के जोधपुर मंडल में गुढा-थथाना मीठड़ी के बीच तैयार कर रहा है, जो जयपुर से लगभग 70 किलोमीटर दूर है। आने वाले सालों में इस ट्रैक पर वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ अन्य हाई-स्पीड ट्रेनों की टेस्टिंग की जाएगी। रेलवे ने दावा किया है कि इस टेस्ट ट्रैक प्रोजेक्ट के पूरे होने के साथ, भारत दुनिया में ऐसा पहला देश होगा जिसके पास रोलिंग स्टॉक के लिए इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की टेस्टिंग फैसिलिटी होगी।

## कबूलनामाः जेल में बैठकर रची थी साजिशः अतीक



**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**उमेश पाल** हत्याकांड में सबसे बड़ा खुलासा अब अतीक अहमद की तरफ से हुआ है। जानकारी के अनुसार पूछताछ में अतीक अहमद ने यह कबूल कर लिया है कि उमेश पाल की हत्या उसी ने करवाई थी। अतीक अहमद ने पुलिसकर्मियों से कहा कि उसने जेल में ही उमेश पाल की हत्या की साजिश रची थी। 28 फरवरी साल 2006 में उमेश पाल का अपहरण हुआ था। इसके एक साल बीतने के बाद उमेश पाल ने धूमनगंज थाने में अपने अपहरण की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। दिलचस्प बात यह है कि उमेश पाल ने यह मुकदमा तब दर्ज कराया जब प्रदेश में बसपा की सरकार आई और मायावती साल 2007 में मुख्यमंत्री बनीं। उमेश की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अतीक, अशरफ और उनके कई करीबीयों पर केस दर्ज किया था। वहीं पूछताछ के दौरान पुलिस के 200 सवालों के सामने माफिया कभी असहज और कभी उग्र नजर आया। ज्यादातर सवालों का जवाब देने से कतराता रहा। केवल हां, हूं में जवाब देता रहा।

### जुर्म कबूला...

= अतीक ने पुलिस अफसरों से बेटे की तस्वीर दिखाने की भी कहा। हालांकि, पुलिस पूरी तरह पूछताछ पर फोकस रही

## असम को 14300 करोड़ की सौगात, पूर्वोत्तर में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को असम में एम्स गुवाहाटी और तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इससे पूर्वोत्तर में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में पूर्वोत्तर में सामाजिक बुनियादी ढांचे में काफी सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री 3,400 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व राष्ट्र को समर्पित करने के बाद सार्वजनिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने एम्स गुवाहाटी के नवनिर्मित परिसर का निरीक्षण किया। इसके बाद एक सार्वजनिक समारोह में उन्होंने एम्स गुवाहाटी और तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट (एएएचआईआई) का शिलान्यास किया और पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) कार्ड वितरित कर-के आपके द्वार आयुष्मानह्न अभियान का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत बिहू पर्व की शुभकामनाएं देते हुए की। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर पर नॉर्थ-ईस्ट और असम के स्वास्थ्य ढांचे को नई ताकत मिली है।



## रोडवेज बस दुर्घटना में मृत्यु पर अब दो नहीं सात लाख मिलेगा मुआवजा

**देहरादूनः** रोडवेज बस दुर्घटनाग्रस्त होने पर जो भी जनहानि होगी तो मृतक के परिजनों को अब दो लाख नहीं, बल्कि सात लाख रुपये मुआवजा तत्काल दिया जाएगा। इसके लिए मजिस्ट्रेटी जांच के इंतजार का नियम पहले ही खत्म किया जा चुका है। विधानसभा में मीडिया से बातचीत में परिवहन मंत्री चंदन रामदास ने बताया कि रोडवेज बस का जो भी टिकट कटता है, उसमें यात्री का पांच लाख रुपये का बीमा होता है। अधिकारी इससे अनजान बने हुए थे।

# कोई यूं ही 'नरोत्तम' नही बन जाता...

## साहसिक राजनेता, समर्पित जनसेवक डॉ नरोत्तम मिश्रा

**बृजेश द्विवेदी**

**भारतीय** जनता पार्टी के कद्दावर नेता ,चतुर व साहसिक राजनेता प्रदेश के गृह मंत्री डॉ .नरोत्तम मिश्रा का 15 अप्रेल को जन्मदिन है। ऐसे बहुत कम लोग होते हैं जो अपने नाम को अपने व्यक्तित्व से सार्थक करते हैं ।लेकिन डॉ नरोत्तम मिश्रा ऐसे ही चुनिंदा बिरले लोगो में शामिल हैं जिन्होंने अपने नाम नरोत्तम यानी जो नरो में उत्तम को पूरी तरह सार्थक किया है ।लेकिन जैसा कहा भी जाता है कि कोई यू ही नरोत्तम नही हो जाता है। सच भी है। नरोत्तम बनने के लिए त्याग,परिश्रम,संयम और अनुशासन के कठिन व्रत का पालन करना होता है ,जो सब क्या अधिकांश के लिए संभव नही है। आज डॉ नरोत्तम मिश्रा के जन्मदिन पर उनके व्यक्तिव की उन गहराइयों तक पहुंचने का प्रयास करेंगे, जिसने उन्हें देश और प्रदेश की राजनीति के चमकते सितारो की कतार में तो खड़ा कर ही दिया साथ ही दुर्लभ साहसिक फैसले लेने वाले दुर्लभ राजनेताओं में भी शामिल करा दिया। डॉ. नरोत्तम मिश्रा का जन्म 15 अप्रैल, 1960 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में हुआ था। स्व. डॉ. शिवदत्त शर्मा के पुत्र डॉ. नरोत्तम मिश्रा बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और आकर्षित करने की कला के धनी थे। स्कूली शिक्षा के बाद उन्होंने 1977-78 से जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में छात्र राजनीति से अपनी राजनीति की शुरूआत की। शुरू से ही भाजपा की विचारधारा ने उन्हें प्रभावित किया, इसलिए वह उससे जुड़ गए। वह भाजपा संगठन में कई पदों पर रहे । उनका परिश्रम व सेवा भाव देख पार्टी ने उन्हें वर्ष 1990 में विधायक का टिकट दिया। वह पहली बार में ही विधानसभा पहुँच गए। उसके बाद से आज तक तीन दशकों से अधिक समय से वह लगातार विधायक हैं। पांच बार के मंत्री भी हैं ।वर्तमान में वे प्रदेश सरकार में गृह,जेल , विधि व संसदीय कार्य जैसे महत्वपूर्ण विभाग कुशलता पूर्वक संभाल रहे है। अब बात करते हैं डॉ मिश्रा के व्यक्तित्व के उन समग्र गुणों की जिन्होंने उन्हें राजनीति का सितारा बनाने के साथ ही लोगों के दिलो में बसा दिया। राजनीति के निपुण योद्धा डॉ नरोत्तम मिश्रा के व्यक्तित्व का सबसे खास पहलू है, कड़े और साहसिक फैसले ।डॉ मिश्रा को जो लोग जानते हैं, उन्हें मालूम है कि वह जनहित व न्याय हित मे जोखिम भरे फैसले लेने से एक पल भी नही हिचकिचाते हैं। लव जिहाद कानून लाने की बात हो या खरगोन में हुए दंगो के बाद कार्यवाही की, डॉ मिश्रा ने आलोचनाओं की परवाह किए बिना कढ़े फैसले लिए। उन्होंने दंगा होने के अगले ही दिन सार्वजनिक कहा था कि जिन दंगाइयों ने पत्थर बाजी की है उनके घर के पत्थर निकाल लिए जायेंगे ।उसके बाद पुलिस ने जो कार्यवाही की वह नजीर बन गयी ।उस फैसले का ही असर है कि आज प्रदेश में दंगाई हाथ में पत्थर उठाने से पहले एक बार सोचते हैं ।हालांकि उन्हें इसके लिए राजनीतिक विरोध झेलना पड़ा ।आलोचना भी हुई। लेकिन वह अपने फैसले से नही डिगे ।यह तो मात्र कुछ उदाहरण हैं। लगातार 6 बार से विधायक व पांच बार से मंत्री पद संभाल रहे डॉ मिश्रा की पहचान ही साहसिक व जोखिम भरे फैसले लेने वाले राजनेता की ही है। वैसे कहते भी है कि सच्चे जनसेवक का एक बड़ा गुण जनहित में खुद का नफा नुकसान देखे बिना साहसिक फैसला लेना भी होता है ।जो यह नहीं कर पाता वो सच्चा जनसेवक भी नहीं हो सकता ।डॉ मिश्रा साहसिक फैसले लेने वाले राजनेता तो है ही , सच्चे व समर्पित जन सेवक भी हैं ।ऐसे कितने राजनेता होंगे जिन्होंने आम आदमी की जान बचाने में अपनी जान की बाजी लगा दी होगी। ऐसे नाम उंगलियों में गिने जा सकते हैं। लेकिन इन दुर्लभ नामो में डॉ मिश्रा का नाम भी आता है ।देश और दुनिया ने देखा है कि अपनी विधानसभा दतिया में आयी भीषण बाढ़ में फसे लोगो को बचाने के लिए डॉ मिश्रा खुद कैसे जान जोखिम में डाल कर बोट लेकर पहुंच गए थे और बोट खराब होने पर जान की बाजी लगाकर कैसे हेलीकाप्टर की मदद से सभी को बचाया था ।ऐसे ही जोखिम में खुद को डाल कर सेवा करते दुनिया ने उन्होंने कोरोना काल मे देखा था ।जब लोग कोरोना की पहली लहर में दहशत में घरों में दुबके थे तब डॉ मिश्रा पीपी किट पहनकर कोरोना मरीजों का हौंसला बढ़ाने पहुंच जाते थे। उनके इलाज की व्यवस्था देखते थे। यह वह समय था जब कोरोना पीड़ितों से उनके परिवार जनों ने भी दहशत के कारण दूरी बना ली थी ।इस प्रकार के और भी कई उदाहरण हैं। डॉ मिश्रा संकट के समय पीड़ितों के साथ खड़े दिखते है ।यही कारण है कि डॉ मिश्रा को लोग दादा के नाम से भी पुकारते है ।वह दादा की भूमिका निभाते भी है ।वह पीड़ितों को हमेशा यह कहकर ढांढस बंधाते है..चिंता मत करना..जान लगा देंगे ओर वह ऐसा ही करते भी है। सेवा व समर्पण का ऐसा भाव आज के समय मे बिरले राजनेताओं में ही देखने में आता है



**15 अप्रैल जन्मदिन पर विशेष**

**साहसिक राजनेता और समर्पित जनसेवक के अलावा**

डॉ. नरोत्तम मिश्रा का एक और प्रभावित करने वाला गुण है अनुशासन का ।हालांकि यह उनका व्यक्तिगत नियम है ।लेकिन उससे सीखा जा सकता है , इसलिए उसकी चर्चा भी जरूरी है। डॉ. मिश्रा के प्रतिदिन की दिनचर्या का समय तय है। कब क्या करना है? वह किसी भी हालत में अपने अनुशासन को भंग नही करते हैं। उनका जीवन इतना अनुशासित है कि समय देखकर उनके जानने वाले लोग बता देते हैं कि दादा इस समय कहां होंगे और क्या कर रहे होंगे। जिस समय पर जो तय है , नरोत्तम जी उस समय वही करेंगे। चाहे परिस्थितियां कुछ भी हो ?

यह अनुशासन ही है जिसने आज भी उन्हें इतना स्वस्थ और ऊजार्वान बना रखा है। अंत मे उनके जन्मदिन पर मेरी यही कामना है कि राजनीति के पुरोधा सच्चे जनसेवक राजनीति में ध्रुव तारे की तरह चमकने वाले डॉ.नरोत्तम मिश्रा शतायु हो , पीतांबरा माई की कृपा उन पर हमेशा इसी तरह बनी रहे। अपनी बात का विराम में मशहूर कविता की इन पंक्तियों से करना चाहूंगा...

**कर्मवीर के आगे पथ का ,**
**हर पत्थर साधक बनता है।**
**दीवारें भी दिशा बतातीं,**
**जब मानव आगे बढ़ता है।**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**



# विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय योगदान देने वाले लोगों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

## -पंजाबी आइकॉन अवॉर्ड-2023 कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने महाराष्ट्र के मुंबई में पंजाबी कल्चरल हेरिटेज बोर्ड द्वारा गुरुवार रात आयोजित 'पंजाबी आइकॉन अवॉर्ड-2023' में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय योगदान देने वाले लोगों को पंजाबी आइकॉन अवॉर्ड 2023 से सम्मानित किया।
इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें भी आज सम्मान देने का अवसर मिला है।



उन्होंने पंजाबी आइकॉन अवॉर्ड प्राप्त करने वाले सभी लोगों को बधाई दी और कहा कि सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हैं जिन्हें आज सराहा गया है। राज्यपाल ने कहा कि सिख समुदाय आज पूरे विश्व के हर कोने में अपनी मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ काम करते हुए एक नया मुकाम हासिल कर रहा है। पंजाबी आइकॉन अवॉर्ड हमारी 'सरबत दा भला' के विचार और सम्मान का प्रतीक है।
राज्यपाल ने कहा कि देश सेवा के दौरान स्वयं मैंने गुरु गोविन्द सिंह जी के दिए गए उपदेश 'निश्चय कर अपनी जीत करूं' को जीवन का मंत्र बनाया है। उन्होंने कहा कि सेना में रहते हुए और अब राज्यपाल के रूप में उन्होंने स्वयं को राष्ट्र, समाज और जनहित के लिए समर्पित किया है। उन्होंने पंजाबी कल्चरल बोर्ड के अध्यक्ष चरण सिंह सापरा को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

# लोगों के सपनों का उत्तराखंड बनाएंगे: सीएम



**चंपावत,/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को चंपावत के नरसिंह डांडा ग्रामीण क्षेत्र पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले यहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री का स्थानीय लोगों एवं कार्यकताओं ने पुष्प वर्षा कर एवं फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया।
कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हम उत्तराखंड को विकास के पथ पर लेकर चल रहे हैं और लोगों के सपनों का उत्तराखंड बनाएंगे। उन्होंने चंपावत जनपद के अनुसूचित जाति बाहुल्य नरसिंह डांडा गांव को विकसित करने के लिए कई घोषणाएं की, जिनमें क्षेत्र के हाई स्कूल को इंटरमीडिएट बनाने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण के साथ ही तीन मंजिला आंबेडकर भवन बनाने, नरसिंह डांडा के लिए लिफ्ट पेयजल योजना तथा गांव वालों को जमीन का मालिकाना हक दिलाने की बात शामिल रही।
मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति बाहुल्य वाले इस गांव को विकसित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता होगी। कालू खान में स्थापित सिद्ध नरसिंह बाबा मंदिर का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

# ऋषिकेश में मनाया गया बैसाखी का पर्व



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
देश के विभिन्न प्रांतों से आए श्रद्धालुओं शुक्रवार को तीर्थ नगरी ऋषिकेश में बैसाखी के पर्व पर त्रिवेणी घाट, राम झूला, लक्ष्मण झूला सहित अन्य गंगा घाटों पर हर हर गंगे के उद्घोष के साथ पुण्य की डुबकी लगाई। सुबह चार बजे से ही स्नान का क्रम शुरू हो गया था। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य किया। इस बार बैसाखी पर्व पर गंगा स्नान को श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी है। गंगा स्नान के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से पर्याप्त इंतजाम किए गए है। इसके अलावा गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट एवं निर्मल आश्रम गुरुद्वारे में भी बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सिख समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारे में माथा टेकने के बाद सुख समृद्धि की कामना की। सुबह से ही सिख श्रद्धालु गुरुद्वारे में पहुंचने लगे थे। रागी जत्था ने शबद कीर्तन के माध्यम से सिख संगत को निहाल कर दिया।

## बाबा भीमराव आंबेडकर के विचार हमेशा प्रासंगिक रहेंगे: महापौर

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर महापौर अनिता ममगांई ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों की प्रासंगिकता सदैव कायम रहेगी। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने शुक्रवार को महापौर निगम के स्वच्छता प्रहरियों और सुपरवाइजरों के साथ आंबेडकर चौक पहुंची, जहां उन्होंने बाबा साहेब डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के संविधान का मसौदा तैयार करने के अलावा बाबा साहब ने एक अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और वकील के रूप में भारत के सबसे महत्वपूर्ण आंदोलनों में अहम भूमिका निभाई।

# रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने किया रक्तदान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्रेम नगर आश्रम मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में चल रहे रक्तदान शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। एम्स ऋषिकेश, हिमालयन हॉस्पिटल जौली ग्रांट एवं राजकीय हॉस्पिटल रुड़की के डॉक्टरों के सहयोग से रक्तदाताओं के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत रक्त यूनिट एकत्र की गई।
शिविर के दूसरे दिन प्रेम नगर आश्रम के प्रबंधक पवन भाई ने रक्तदान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस मौके पर पवन भाई ने कहा कि रक्तदान समय की मांग है। आकस्मिक चिकित्सा के द्वारा मरीजों के परिजनों को रक्त की



बूंद एकत्र करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में रक्तदान शिविर के माध्यम से उपलब्ध रक्त के द्वारा ही मरीजों की जान बचाई जाती है इसलिए लोगों को बढ़-चढ़कर शिविर में भाग लेकर दान करना चाहिए।

इसके पहले गुरुवार को एम्स दिल्ली और हरमिलाप राजकीय चिकित्सालय के चिकित्सकों के सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें करीब 800 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया था।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थ नगरी ऋषिकेश में हरिचंद गुप्ता आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के निकट स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में शुक्रवार को देवभूमि ऋषिकेश मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ियों ने स्वच्छता अभियान चलाया।
एकेडमी कोच शिवानी गुप्ता ने बताया कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर देवभूमि ऋषिकेश मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत संदेश दिया कि स्वच्छ और स्वस्थ होगा इंडिया, तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर खिलाड़ियों ने लगभग 5 क्विंटल कूड़ा एकत्रित किया।

### मंदिर में चोरी करते चोर गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रानीपुर कोतवाली पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाले एक शातिर चोर को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
जानकारी के मुताबिक कोतवाली रानीपुर क्षेत्र के सेक्टर-4 स्थित शिव व साईं मन्दिर में चोरी करते हुए लोगों ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया।

# हरिद्वार: बैसाखी पर्व पर गंगा स्नान के लिए घाटों पर उमड़ा लोगों का हुजूम

**8 कई प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगाई**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बैसाखी का पर्व तीर्थनगरी हरिद्वार में शुक्रवार को हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कई प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगाई। तीर्थनगरी के गुरुद्वारों में भी बैसाखी पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।



शुक्रवार सुबह से ही गंगा के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ आना आरंभ हो चुकी थी। तड़के से आरम्भ हुआ स्नान का सिलसिला दिन भर अनवरत जारी रहा। लोगों ने हरकी पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर पुण्य की डुबकी लगाई। स्नान के बाद लोगों ने देव दर्शन कर दान-पुण्य आदि कर्म किए। मेला स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने समूचे मेला क्षेत्र को 4 सुपर जोन, 15 जोन तथा 39 सेक्टरों में विभाजित किया था।
इसके साथ ही 4 अपर पुलिस अधीक्षक, 14 पुलिस उपाधीक्षक, 22 निरीक्षक थानाध्यक्ष, वरिष्ठ उपनिरीक्षक, 64 उपनिरीक्षक, 23 प्रशिक्षु, 48 अपर उपनिरीक्षक, 180 अपर एटीसी, 145 अपर पीटीसी, 100 मुख्य आरक्षी प्रशिक्षु चम्बा, 93 मुख्य आरक्षी, 291 कांस्टेबल, 88 महिला कांस्टेबल, 2 टीआई, 8 टीएसआई, 15 हे.का., 47 कांस्टेबल टी.पी., 20 अभिसूचना ईकाई, 2 बी.डी.एस टीमध्डॉग स्कवॉड टीम, 4 यूनिट फायर सर्विस मय उपकरण, 17 कर्मचारी जल पुलिस, 6 पीएसी कम्पनी 2 प्लाटून ड़ेढ़ सेक्सन, 1 टीयर गैस स्क्वाड़, 4 प्रिजन वैन, तथा 11 कर्मचारी सादे वस्त्रों में नियुक्त किये गये थे।
इसके साथ ही तीर्थनगरी के गुरुद्वारों में भी बैसाखी पर्व पर विशेष आयोजन हुए। गुरुद्वारों में गुरुवाणी के पाठ के साथ शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही अटूट लंगर बरता गया।

## संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं ने शुक्रवार को संविधान निमार्ता डॉ भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोहली, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, महापौर देहरादून सुनील उनियाल गामा, कार्यालय सचिव कौस्तुभानंद जोशी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्कूल संचालक के घर हुई डकैती का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने स्कूल संचालक के घर डकैती मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गये जेवरात बरामद कर लिये हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया, जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।
शुक्रवार को डीआईजी/एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि 11 अप्रैल को संदीप अग्रवाल (स्कूल संचालक) पुत्र विनोद अग्रवाल निवासी नेहरू कॉलोनी



ने सूचना दी कि दोपहर करीब बारह बजे चार बदमाशों घर में घुस गए। चाकू व तमंचे की नोक पर उन्होंने घर के सदस्यों को बंधक बनाते हुए घर से सोने के जेवरात व नकदी लूट कर ले गए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि स्कूटी व बाइक पर सवार चार लोग घटनास्थल पहुंचे थे। उन्होंने गाड़ियां दूर खड़ी कर घटना को अंजाम दिया था। एक बदमाश निगरानी के लिए घर के पास ही रुक गया था। सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से पुलिस को कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के फोटोग्राफ प्राप्त हुए। इसके बाद पुलिस ने चार लोगों विपिन, सचिन, विकास व अंकित को ग्राम पचेन्डाकला, मुजफ्फरनगर तथा 01 अन्य विकास जयसवाल को आईडीपीएल ऋषिकेश से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से लूट का समस्त सामान बरामद कर लिया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको हिरासत में जेल भेज दिया

# छात्रों को आत्महत्या जैसे गलत कदमों से रोकना होगा: याज्ञवल्क्य शुक्ल



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि पाठ्यक्रमों और अन्य खामियों के चलते शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या करने की बढ़ रही घटना गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि छात्रों को आत्महत्या जैसे गलत कदमों से रोकना होगा। इसके लिए तनावमुक्त वातावरण तैयार करना होगा।
शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अभाविप राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि 2017 से लेकर देश में होनहार छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं लगतार बढ़ रही हैं। इसके लिए अभाविप केन्द्र और प्रादेशिक स्तर पर संस्थानों के साथ छात्रों के हित में समाधान के लिए देशभर में एक व्यापक स्तर पर मुहिम चलायेगा। उन्होंने कहा कि संस्थानों में आनंदमय छात्र जीवन केन्द्र स्थापित होना चाहिए, जहां पर रचनात्मक व तनावमुक्त वातावरण के साथ देश-समाज व स्वयं के लिए बेहतर करने वाले नागरिक के रूप में होनहार छात्र तैयार हो सकें। इससे छात्रों को आत्महत्या जैसे गलत कदमों से रोका जा सकेगा।
उन्होंने कहा कि कंप्यूटर बेस सेंटर में परीक्षाएं पारदर्शी नहीं हो पा रही हैं। यह बहुत ही दुखद स्थिति है। बिहार सहित कई राज्यों में ऑनलाइन परीक्षा के नाम पर बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। यह छात्रों के भविष्य के साथ बड़ा मजाक है। उन्होंने कहा कि बिहार के साथ राजस्थान में परीक्षा को उद्योग बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने प्रश्न पत्र लीक पर कड़ा नियम लाया है। अन्य सरकारों को भी उत्तराखंड सरकार से सीख लेते हुए इस तरह का नियम लाने का साहस करना चाहिए।
याज्ञवल्क्य शुक्ल ने बताया कि अभाविप की दो दिवसीय केन्द्रीय कार्यसमिति दून विश्व विद्यालय में 15 और 16 अप्रैल को आयोजित हो रही है।

# हिन्दू समाज और सनातन के विरुद्ध हो रहे कुत्सित प्रयासों को रोकना होगा: आलोक कुमार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार उत्तराखंड प्रवास पर हैं। देहरादून प्रेस क्लब में शुक्रवार को कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज और सनातन के विरुद्ध जो भी प्रयास हो रहे हैं उनके पीछे मतों की राजनीति है। हम सबको इसे रोकना होगा। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष रवि देव आनंद तथा अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।
अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष कुमार ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। यहां जनसंख्या घनत्व परिवर्तित करना (डेमोग्राफिक चेंज) का जो प्रयास हो रहा है वह दुखद है। इस पर सरकार द्वारा किया जा रहा कार्य सराहना योग्य है।
आलोक कुमार ने कहा कि हिन्दू सबसे



सहिष्णु और सनातन सबसे प्रभावी धर्म है, लेकिन इसी धर्म को समाप्त करने की कोशिश हो रही है जिसका परिणाम लैंड जिहाद, लव जिहाद जैसे कार्य हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मैंने उनके सार्थक और प्रभावी प्रयासों के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि लैंड जिहाद के लिए बनाई गईं मजारें केवल भूमि हड़पने का हिस्सा हैं जिसके पीछे वह लोग हैं जो यहां के जनसंख्या परिवर्तन को प्रभावी बनाना चाहते हैं। तमाम मजारें ऐसी मिली हैं जहां मानव अवशेष नहीं मिले। यह इस बात का प्रमाण है कि इन मजारों के निर्माण के पीछे केवल लैंड जिहाद था। यह एक तरह का व्यापार है जहां के माध्यम से बहुसंख्यक समाज को हर तरह से लूटने की कोशिश हो रही है। इन मजारों पर बहुसंख्यक समाज के लोग जाते हैं, चढ़ावा चढ़ाते हैं लेकिन वहां लगने वाली दुकानें तथा अन्य व्यवस्थाएं सब उसी वर्ग के हाथों में है जो मजार निमार्ता है।
उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में तीन बातें निश्चित रूप से लागू होनी चाहिएं। उनमें लैंड जिहाद को दूर करना, गायों की पूजा करना तथा सामान्य नागरिक संहिता लागू होना यह समसामयिक आवश्यकता है। इन तीनों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कितना दुर्भाग्य है कि ईसाई तथा मुस्लिम पंथ में जो हमारे दलित समाज के लोग गये हैं वह वहां भी आरक्षण चाहते हैं। इसके पीछे बड़ी-बड़ी संस्थाएं लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज में वर्ण व्यवस्था है, यहां तो आरक्षण समझ में आता है लेकिन जहां वर्ण व्यवस्था ही नहीं है वहां किस बात का आरक्षण। उन्होंने कहा कि केवल हिन्दू समाज के पिछड़े, दलित तथा अन्य लोगों को आरक्षण मिलना चाहिए। मुस्लिम तथा अन्य समाज को आरक्षण देने का कोई औचित्य नहीं है।
राम चरित मानस विवाद पर चर्चा करते हुए विहिप अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष ने कहा कि राम चरित मानस सदियों से इस समाज का मानदंड स्थापित करने वाला ग्रंथ रहा है। जो लोग इस ग्रंथ को अपने षडयंत्र में घसीट रहे हैं वह न तो समाज के हितैषी हैं और न ही देश तथा प्रदेश के। इस षडयंत्र को हम सबको मिलकर असफल बनाना होगा। इसके पीछे मतों की राजनीति और समाज तोड़ने की भावना है। उन्होंने कहा कि समाज में कथाओं की भांति ही नायक और खलनायक दोनों होते हैं।

# संपादकीय

## चंपारण सत्याग्रह के 106 साल, जिसने दिखाई आजादी की राह

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में चंपारण सत्याग्रह का प्रमुख महत्व है। यही वह सत्याग्रह है, जिसने मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा गांधी बना दिया। और यही वो सत्याग्रह है जिसने भारत को आजादी की राह दिखाई। 15 अप्रैल, 1917 को गांधी के मोतिहारी आगमन के बाद बिना किसी धरना, प्रदर्शन व अस्त्र- शस्त्र के प्रयोग के अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के विरुद्ध शुरू किया गया किसानों का यह सत्याग्रह पूरी तरह सफल रहा। यह उन दिनों की बात है जब प्रथम विश्वयुद्ध चल रहा था। फिरंगियों के अत्याचार और शोषण से पूरे देश के साथ बिहार के चंपारण (बेतिया और मोतिहारी) जिले के किसान त्रस्त थे। उनकी जमीन पर जबरन नील की खेती करवाई जा रही थी। नील की खेती से न सिर्फ किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि की उर्वरता नष्ट हो रही थी, अपितु किसान अपने भोजन के लिए आवश्यक खाद्यान भी पैदा नही कर पा रहे थे।तीनकठिया प्रथा यानी एक बीघे जमीन में तीन कठ्ठा नील की खेती के साथ ही मनमाने करों की वसूली की जा रही थी। शोषण, पीड़ा और अत्याचार के विरुद्ध भीतर ही भीतर चिंगारी भी सुलग रही थी। चंपारण की पीड़ा पर गणेश शंकर विधार्थी के प्रताप अखबार में अग्रलेख छपने लगे । इसी बीच चंपारण के एक साधारण किसान राजकुमार शुक्ल ने पत्रकार पीर मोहम्मद मुनीस, लोमराज सिंह, संता राउत सहित अपने जैसे अन्य कई और किसानों को लामबंद करना शुरू किया। अंग्रेजों को इसकी भनक लगी तो इन लोगों को जेल में डाल दिया गया। लेकिन इन लोगों ने हार नहीं मानी। बाहर आने पर फिर अपने अभियान में शुरू हो गए। इनके पास कोई रास्ता नहीं बचा तो देश के किसी बड़े नेता को चंपारण लाने की ठानी गई। पहले वे बाल गंगाधर तिलक और फिर मदन मोहन मालवीय के पास भी गए। आखिर में राजकुमार शुक्ल इस संबंध में महात्मा गांधी से मिले और उनसे चंपारण में आंदोलन का नेतृत्व करने का आग्रह किया। इसके बाद जो हुआ, वो भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के रूप में दर्ज है। गांधी ने चंपारण को सत्य और अहिंसा का प्रयोगशाला बनाया। गांधी अपनी जीवनी "सत्य के प्रयोग" में लिखते है- वहां जाने से पहले मैं चंपारण का नाम भी नहीं जानता था। नील की खेती होती है, यह सोचा भी नहीं था। राजकुमार शुक्ल नाम के चंपारण के एक किसान ने उनका पीछा किया और वकील बाबू (उस वक्त बिहार के नामी वकील और जयप्रकाश नारायण के ससुर ब्रजकिशोर प्रसाद) के बारे में कहते कि वे सब हाल बता देंगे। साथ ही चंपारण आने का निमंत्रण देते। यह क्रम चलता रहा और आखिर में मुझे चंपारण जाना ही पड़ा। गांधी के चंपारण पहुंचते ही अंग्रेज अफसरों के होश उड़ने लगे। उन्होंने महात्मा गांधी को जिला छोड़ने का आदेश दे दिया, लेकिन गांधी किसानों को इंसाफ दिलाने की ठान चुके थे। गांधी ने जिला छोड़ने से मना कर दिया। इसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर 18 अप्रैल को कोर्ट में पेश किया गया। गांधी ने मजिस्ट्रेट के सामने बेहद निडर व विनम्र सुर में कहा कि वह चंपारण में किसानों की हालत जानने आए हैं, जब तक हालत से वाकिफ नहीं हो जाते, वे चंपारण नहीं छोड़ेंगे। अगर इस बात की उन्हें सजा भी मिले तो वो भुगतने को तैयार हैं।

# राजस्थान में राज बदलेगा या रिवाज

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "बेनीवाल ने हाल ही में दिल्ली में अपनी पुत्री का जन्मदिन मनाया था। जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हुये थे। कार्यक्रम में सभी दलों के बड़े नेता आये थे। कांग्रेस की चुनावी कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संभाल रखी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी संगठन के काम में लगे हैं। उन्हें अध्यक्ष बने तीन साल होने वाले हैं। ऐसे में चर्चा चल रही है कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर किसी अन्य नेता को नियुक्त किया जा सकता है। यदि प्रदेश अध्यक्ष बदला जाता है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पूरा प्रयास रहेगा कि उनके समर्थक महेश जोशी, महेंद्र चौधरी, नरेंद्र बुडानिया, लालचंद कटारिया, रघु शर्मा में से किसी को अध्यक्ष बनाया जाए। ताकि चुनाव में उनके मन मुताबिक टिकटों का वितरण हो सके"

**राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने में सिर्फ सात** महीने का समय रह गया है। ऐसे में अब सभी राजनीतिक दल अपने संगठन को मजबूत बना कर चुनावी व्यूह रचना बनाने में लग गए हैं। जहां सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मानना है कि उनकी लोक हितकारी योजनाओं से इस बार के चुनाव में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज बदल जाएगा। वहीं भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं का मानना है कि प्रदेश की जनता गहलोत सरकार को हटाकर राज बदलने को तैयार बैठी है। वोट पड़ेंगे तब राज बदल जाएगा। राजस्थान में सबसे पहले आम आदमी पार्टी ने कोटा के नवीन पालीवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना प्रारंभ कर दिया है। आप ने विधानसभा चुनाव का प्रभारी राज्यसभा सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक को पहले ही नियुक्त कर रखा है। दिल्ली के द्वारका से विधायक विनय मिश्रा को राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने दिल्ली, पंजाब और गुजरात के 7 विधायकों अमनदीप सिंह गोल्डी, नरेश यादव, चेतर वसावा, नरेंद्र पाल सिंह सवाना, हेमंत खावा, शिवचरण गोयल और मुकेश अहलावत को सह प्रभारी लगाया है। पार्टी कार्यकताओं को उत्साहित करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जयपुर में रोड शो करके एक जनसभा को भी संबोधित कर चुके हैं। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत ही खराब रहा था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे रामपाल जाट को 628 वोट ही मिल पाए थे। यही हाल अन्य प्रत्याशियों का रहा था। 2018 के चुनाव में आप को प्रदेश में 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे। हालांकि अब पार्टी के नेता प्रदेश में अगली सरकार बनाने का दावा कर रहें है। राजस्थान में मुख्य विपक्षी दल भाजपा भी विधानसभा चुनाव की तैयारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 1.22 प्रतिशत यानी एक लाख 77 हजार 699 वोट अधिक प्राप्त कर 79 सीट अधिक जीत ली थी। वही इतने वोटों के अंतर पर भाजपा की 90 सीटें कम हो गई थी। जिससे भाजपा सत्ता से बाहर हो



गई थी। अपनी पिछले विधानसभा चुनावों की कमी को दूर करने के लिए भाजपा अभी से जुट गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा प्रदेश की राजनीति में सोशल इंजीनियरिंग के फामूर्ले पर काम कर रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण समाज के चंद्रप्रकाश जोशी (सीपी जोशी) को नियुक्त किया गया है। सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ से दूसरी बार लोकसभा सदस्य हैं। जयपुर में कुछ दिनों पूर्व ही ब्राह्मण समाज ने लाखों लागों को एकत्रित कर एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया था। जिसमें ब्राह्मण समाज ने प्रदेश की सभी पार्टियों से उनके समाज को सत्ता में अधिक भागीदारी देने की मांग की थी। उस सम्मेलन के कुछ दिनों बाद ही भाजपा ने सीपी जोशी की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी कर दी। भाजपा ने राजपूत समाज के सातवीं बार विधायक बने राजेंद्र राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए गए डॉक्टर सतीश पूनिया को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष बना कर जाट समाज को भी साधने का काम किया है। सतीश पूनिया पहली बार आमेर से विधायक बने हैं। इसलिए उन्हें उपनेता का पद ही मिल पाया है। चर्चा है कि मीणा समाज के राज्यसभा सदस्य डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है। राजपूत समाज के गजेंद्रसिंह शेखावत, यादव (अहीर) समाज के डॉक्टर भूपेंद्र यादव, ब्राह्मण समाज के अश्विनी वैष्णव केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। जाट समाज के कैलाश चौधरी, अनुसूचित जाति के अर्जुनराम मेघवाल केंद्र सरकार में राज्य मंत्री हैं। बनिया समाज के ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष हैं। वही गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाया गया है। झुंझुनू से सांसद, केंद्र सरकार में उप मंत्री, अजमेर जिले के किशनगढ़ से विधायक व पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे जगदीप धनखड़ भी उपराष्ट्रपति पद पर हैं। गुर्जर समाज की अलका गुर्जर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव है। ओमप्रकाश माथुर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य हैं। अभी तक पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे या उनके किसी समर्थक को भाजपा चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाने कि चर्चा चल रही थी। मगर कांग्रेस नेता सचिन पायलट द्वारा उनपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद पार्टी में उनकी भूमिका कम हो सकती है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असादुदीन ओवैसी भी प्रदेश में अपनी पार्टी संगठन को मजबूत करने में लगे हुये हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का पूरा संगठन पार्टी अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के इर्द गिर्द ही घूमता रहता है। बेनीवाल ने हाल ही में दिल्ली में अपनी पुत्री का जन्मदिन मनाया था। जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हुये थे। कार्यक्रम में सभी दलों के बड़े नेता आये थे। कांग्रेस की चुनावी कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संभाल रखी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी संगठन के काम में लगे हैं। उन्हें अध्यक्ष बने तीन साल होने वाले हैं। ऐसे में चर्चा चल रही है कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर किसी अन्य नेता को नियुक्त किया जा सकता है। यदि प्रदेश अध्यक्ष बदला जाता है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पूरा प्रयास रहेगा कि उनके समर्थक महेश जोशी, महेंद्र चौधरी, नरेंद्र बुडानिया, लालचंद कटारिया, रघु शर्मा में से किसी को अध्यक्ष बनाया जाए। ताकि चुनाव में उनके मन मुताबिक टिकटों का वितरण हो सके। कांग्रेस के 400 में से 367 ब्लॉक अध्यक्षों की तो नियुक्तियां हो चुकी है। मगर अधिकांश जिला अध्यक्षों के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। इस कारण नीचे के स्तर पर संगठन पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पा रहा है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने हाल ही में 3 विधायकों अमित चाचान, इंद्राज सिंह गुर्जर, प्रशांत बैरवा सहित कुल 8 लोगों को पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। वही सात लोगों को मीडिया पैनलिस्ट और तीन लोगों को मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। कांग्रेस में 25 सितंबर 2022 की घटना में दोषी नेताओं पर अभी तक कार्यवाही नहीं होने से भी सचिन पायलट खासे नाराज बताये जा रहे हैं। सचिन पायलट ने जयपुर में एक दिन का उपवास रखकर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर मिलीभगत का खेल खेलने का आरोप लगाया है। पायलट के अनशन को रोकने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने बहुत दबाव बनाया था मगर पायलट अनशन करके ही माने। हालांकि कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पायलट के अनशन को पार्टी विरोधी गतिविधि घोषित कर दिया था। मगर पायलट के खिलाफ अभी तक अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की किसी ने हिम्मत नहीं दिखाई है। अंदरखाने पायलट को हनुमान बेनीवाल सहित आम आदमी पार्टी का भी समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि यदि पायलट के खिलाफ किसी तरह की अनुशासनात्मक कार्यवाही करेंगे तो राजस्थान की स्थिति भी पंजाब की तरह हो सकती है। कुल मिलाकर चुनावी दौर में कांग्रेस पार्टी आपसी गुटबाजी की शिकार हो गई है जिसका खामियाजा उन्हें अगले विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा।

# कविता

## पराई दीवारो में झांकना, आसां बहुत

गुमान हो गर ,जमीर में झांक कर देख,
मजलूम पर, जिन्दगी खाक कर देख।
पराई दीवारो में झांकना,आसां बहुत,
कभीअपनी गिरेंबा में झांक कर देख।
चादरों में सुराख करना,आसां बहुत,
अपनी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।
खुश है, नुक्स पर पराई मीनारों के,
बारिश में ढहती दीवार ढांक कर देख,
भ्रम है, तुझे,जिंदगी रंगीन है बहुत,
मुफलिसी में जरा झांक कर देख,
गैर की दौलत से किसका भला हुआ,
फकीरी का तजुर्बा फांक कर देख,
बेईमीनी चार दिन की चाँदनी, ,
एक दिया पाक जला कर देख,
जलते घरो से हाथ सेंकना, आसां,
तिनका खुद का जरा जलाकर देख,
खुशी अभी रूठी नहीं है, तुझसे संजीव,
खिलखिलाहट में मासूम की, झांक कर देख

संजीव ठाकुर

## गहलोत की जीत इतनी आसान नही

**अशोक भाटिया**

**इस वर्ष** 2023 का चुनाव गहलोत सरकार के लिए उतना आसान नहीं जितना वो महसूस करते है क्योकि इस बार मुकाबला दो पक्षीय नहीं, बहुकोणीय है । अब मुकाबला केवल बाहर से नहीं, अन्दर से भी है । पहले बात करते है अपनों की । पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की ओर से राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार की जाँच नहीं कराए जाने वाले बयान ने प्रदेश कांग्रेस में पिछले चार साल से चली आ रही खींचतान को एक बार फिर बाहर ला दिया है। पायलट वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बीच मिलीभगत की बात भी की है। इसके साथ ही चुनाव से पूर्व राजस्थान में भी कांग्रेस पंजाब की राह पर चलती नजर आ रही है।
पायलट ने प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री के साथ आलाकमान को भी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखने की बात कही। साथ ही 11 अप्रेल को गहलोत सरकार की नीतियों के विरोध में धरना भी दिया है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि सिंधिया तो एक बहाना है असल निशाना तो गहलोत ही है । इसको देखते हुए अब पार्टी आलाकमान के समक्ष भी संकट उत्पन्न हो गया है कि वे कर्नाटक चुनाव पर ध्यान दे या राजस्थान के मुद्दे को सुलझाए। हालातों पर नजर डाली जाए तो पंजाब में पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस में कमोबेश ऐसी ही स्थिति बनी हुई थी। वहां पर मुख्यमंत्री केप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिद्धु के बीच कुर्सी को लेकर ऐसी ही खींचतान शुरू हो गई थी। विवाद को बढ़ता देख कांग्रेस आलाकमान ने अमरिंदर और सिद्धु को साइडलाइन कर चन्नी को मुख्यमंत्री बना दिया था। इसका परिणाम ये रहा कि अमरिंदर सिंह पार्टी से अलग हो गए और कांग्रेस को चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। अब राजस्थान में भी चुनाव से पूर्व पायलट का सरकार की नीतियों के खिलाफ झंड़ा उठाना कांग्रेस आलाकमान के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। पंजाब की तरह यहां भी आलाकमान ने अगर बीच का रास्ता निकाला तो कांग्रेस के लिए आगामी चुनाव जीतना एक टेडी खीर साबित हो सकता है। गौरतलब है प्रदेश में वर्ष 2013 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार हुई थी। कांग्रेस ने चुनाव में 21 सीटे प्राप्त की थी, जो कि किसी भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली सबसे कम सीट थी। इस चुनाव के बाद कांग्रेस आलाकमान ने युवा नेतृत्व के रूप में सचिन पायलट को कमान सौंपी थी। वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव भी उनके नेतृत्व में हुए और कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई थी। यहां पर कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाया था। इस दौरान सचिन को मुख्यमंत्री बनाए जाने की चचाएँ भी हुई लेकिन बाद में उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया गया और कोई प्रमुख विभाग उन्हें नहीं दिया गया।

# विचार

## योगी की एनकाउंटर नीति पर सवाल क्यों ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**उत्तर** प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'जीरो टोलरेंस' नीति अतीक जैसे माफिया को घुटनों के बल आने पर मजबूर कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छबि पूरे देश में एक अलग तरह के तटस्थ शासक के रूप में उभरी है। अपराधियों में मुख्यमंत्री की इस नीति को लेकर खौफ है। किसी भी घटना को अंजाम देने से पहले अपराधी और दंगायियों को 100 बार सोचना पड़ता है। यही कारण है कि रामनवमी जैसे पवित्र दिवस पर पश्चिम बंगाल, बिहार और दूसरे राज्यों में आगजनी और हिंसा हुई की घटनाएं हुई, लेकिन उत्तर प्रदेश में इस तरह की कोई वारदात नहीं हुई। योगी की कार्यशैली को लेकर पूरे देश में सियासी बहस छिडी है। माफिया अतीक के बेटे असद और उसके सूटर गुलाम के एनकाउंटर पर ओवैसी, अखिले यादव धर्म और मजहब का तड़का लगा रहे हैं। निश्चित रूप से सवाल उठाना विपक्ष का राजनीतिक धर्म है। लेकिन अपराध और माफिया को राजनीतिक संरक्षण देना कहां की नीति है। धर्म और जाति को हम वोट बैंक का सहारा कब तक बनाएंगे। प्रयागराज में बसपा विधायक रहे राजूपाल की हत्या के चश्मदीद गवाह उमेश पाल की फरवरी के अंतिम सप्ताह में हत्या कर दी गई। हत्या के बाद पूरे प्रदेश में सियासी माहौल गर्म हो गया। योगी सरकार पर लोग सवाल उठने लगे थे प्रदेश को माफिया मुक्त करने का दावा खोखला साबित हो रहा है। अतीक जैसे माफिया जेल में होने के बाद भी खुली सड़क पर निर्दोष लोगों की हत्या कर रहे हैं। पुलिस को भी निशाना बनाया जा रहा है। इस घटना में दोष निर्दोष गनर भी हत्या के शिकार हुए। सरकार को बुलडोजर नीति और अपराध मुक्त प्रदेश को लेकर कटघरे में खड़ा किया जाने लगा। इस घटना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद गंभीरता से लिया। उन्होंने खुद विधानसभा में ऐलान किया कि अपराधियों को मिट्टी में मिला देंगे। जब अतीक जैसे माफिया के खिलाफ सरकार एक्शन मोड में आ गई तो विपक्ष फिर वोट बैंक के डर से धर्म और मजहब की आड़ लेने लगा। उमेशपाल की हत्या पर जो समाजवादी पार्टी घड़ियाली आंसू बहा रहीं थी वहीं अतीक के खिलाफ कार्रवाई पर सियासी राग अलापने लगी। योगी के एनकाउंटर नीति पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या उत्तर प्रदेश में कानून और संविधान को खत्म कर देना चाहिए। ओवैसी सवाल उठा रहे हैं कि संविधान और कानून का क्या मतलब है। फिर अदालत और जज जैसे पद को खत्म कर दिया जाना चाहिए। अपराधियों को सजा देने के लिए अदालत और संविधान है। एनकाउंटर कहीं का इंसाफ नहीं है। बिल्कुल सच है ओवैसी की बात में दम है। हम भी यही चाहते हैं कि पुलिस किसी को भी फर्जी एनकाउंटर में न मारे। ओवैसी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून का एनकाउंटर किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी एनकाउंटर को फर्जी बताया। उनकी निगाह में सही गलत का फैसला सत्ता नहीं करती। हम अखिलेश यादव और ओवैसी के बातों से बिल्कुल सहमत हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। फिर अतीक ने उमेशपाल की हत्या क्यों करवाई क्या ऐसा होना चाहिए था। अगर नहीं तो ओवैसी क्यों चुप थे। योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को एनकाउंटर प्रदेश बना दिया है। 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में 10713 से भी अधिक एनकाउंटर हुए है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश शायद इस तरह का इकलौता प्रदेश है। एनकाउंटर में 183 से अधिक अपराधियों का सफाया हुआ। जिसमें मेरठ पुलिस ने सबसे अधिक 3152 एनकाउंटर किए हैं। निश्चित रूप से हम योगी सरकार की एनकाउंटर नीति की मुखालफत करते हैं। एनकाउंटर किसी समस्या का समाधान नहीं है। अपराधियों को खुद को बेगुनाह साबित करने का अवसर मिलना चाहिए। संविधान और कानून को सत्ता के पैरों तले दफन नहीं किया चाहिए। मानवीय अधिकारों की पूरी तरह रक्षा होनी चाहिए। हम अखिलेश यादव और ओवैसी की बातों से सहमत हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादकः रवि भारद्वाज (+919999889104)**
actionindiaddn@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## शिक्षकों की आपत्ति निराधार नहीं

**अम्बुज कुमार**

**बिहार** में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए बनी नई नियमावली में शिक्षकों की आपत्ति भी वाजिब है। 1999 के बाद विद्यालयों में नियमित बहाली का आवेदन नहीं निकला। 2003 में लगभग 33हजार की बहाली निकली, लेकिन उच्च न्यायालय ने रोक लगा दिया। उसके बाद ग्यारह माह के लिए शिक्षामित्र की बहाली हुई। 2005 में सरकार बदलने के बाद नियोजन नियमावली 2006 बनी और पंचायत, प्रखंड शिक्षक नियोजित होने लगे। इसमें पूर्व के शिक्षामित्रों का समायोजन बिना शर्त कर दिया गया था। उच्च विद्यालयों में भी इसी नियम से बहाली होने लगी। पूर्व के पद समाप्त हो गए। अब योग्य एवं अयोग्य व्यक्ति इसी प्रक्रिया से कागज दिखाकर शिक्षक बनने लगे। सबसे दिलचस्प बात है कि नियत एवं कम वेतन होने के कारण समाज के वंचित एवं हाशिए पर रहने वाले लोग इस पद पर बड़े पैमाने पर बहाल हुए। समाजिक न्याय की दृष्टि से इसकी सराहना भी हुई थी। अन्य छोटे बड़े नौकरियों की नियुक्ति में भ्रष्टाचार की कहानी इन वर्गों के बच्चों के लिए बालू से तेल निकालने के समान रहा है। हालांकि इस प्रक्रिया में बहुत से अयोग्य लोगों की बहाली से इनकार नहीं किया जा सकता है। फिर भी बड़े पैमाने पर नियुक्ति की गई, जिसका ढिंढोरा बराबर सरकार पिटती रही है 2010 में आरटीई लागू होने के बाद एनसीटीई के प्रावधान के आलोक में टेट, सीटेट, एसटीईटी के माध्यम से नियुक्ति होने लगी। इसके लिए 2012 में नियमावली बनी और 2013 से 2016-17 तक बहाली होती रही। इसी बीच 2015 में महागठबंधन सरकार बनने पर वेतनमान की स्वीकृति दी गई। इसे चाइनीज वेतनमान के नाम से जाना जाता है।
वर्तमान समय तक छठी चरण की नियुक्ति पूर्ण हो गई है, फिर भी शिक्षकों के लाखों पद रिक्त रह गए हैं। बीपीएससी द्वारा उत्क्रमित माध्यामिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक भी बने। लेकिन छह हजार पद रिक्त ही रह गए। इस दौरान सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि नियमावली में प्रोन्नति के प्रावधान के बावजूद सरकार इस ओर एक कदम भी नहीं बढ़ा सकी है।
यह उसकी तानाशाही रवैया एवं शिक्षा के प्रति उदासीनता का द्योतक कही जा सकती है।

## शादी का कार्ड

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वैसे** शादी के कार्ड में होता ही क्या है? ज्यादा से ज्यादा कार्ड के आरंभ में गणेश जी से संबंधी कोई श्लोक, वर-वधू के नाम, उनके माता-पिता के नाम, दिनांक, समय, विवाह स्थल और अंत में बंधुजनों के नाम आदि। इससे ज्यादा क्या लिखा जाता है? लेकिन महामारियों के चलते शादी के कार्ड की रूपरेखा ही बदल गयी है। अब भविष्य में बनने वाले शादी के कार्ड अजीबो-गरीब होंगे। पहले जहाँ लिखा होता था कि आप सपरिवार विवाह में उपस्थित होकर नव दंपत्ति को आशीर्वाद प्रदान करें, वहीं आगे चलकर लिखा होगा कि एक परिवार से केवल एक ही सदस्य विवाहोत्सव में भाग ले सकता है। साफ-सफाई का ध्यान रखें। किसी भी सूरत में मुँह से मास्क न हटाएँ। बेवजह में किसी भी चीज को छूने का प्रयास न करें। नवदंपत्ति से चिपक-चिपककर फोटो खिंचवाने की कोशिश न करें। जहाँ तक हो सके दूर से ही फोटो खिंचवाकर चलते बनें। हर जगह कम-से-कम दो मीटर की सामाजिक दूरी बनाए रखें। काउंटरों की सेवा का पूरा-पूरा लाभ उठाएँ और उनका भरपूर इस्तेमाल करें। उदाहरण के लिए काउंटर-1 पर राशि उपहार, काउंटर-2 पर वस्तु रूपी उपहार, काउंटर-3 पर ऑनलाइन भुगतान जैसे- गूगल पे, पेटीएम, रूपे, क्रेडिट कार्ड की सहायता से भेटंस्वरूप दी जाने वाली राशि जमा कराएँ। काउंटर-4 पर पुष्पगुच्छ, पुष्पहार आदि के स्थान पर राशि भुगतान करें और काउंटर-5 पर भुगतान की गयी राशि की पावती पर्ची दिखाकर भोजन का टोकन प्राप्त करें। इस टोकन की सहायता से पूरे परिवार के लिए पैक्ड भोजन प्राप्त कर सकेगें। इसे आप बड़े इत्मिनान से अपने घर ले जाकर सपरिवार बैठकर खा सकते हैं। शादी के कार्ड में अंत में अतिथियों को बुलाने का कारण लिखा होगा। इसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित होगा कि हम उन्हीं अतिथियों को बुला रहे हैं जिनके विवाह में जाकर हमने उपहार अथवा राशि भेंट की थी। इस आमंत्रण के बहाने हम अपने रुपये-पैसे वसूलना चाहते हैं।
विशेष सूचना के अंतर्गत अतिथियों से आग्रह किया जाएगा कि वे अपने साथ अपने-अपने मास्क और सेनिटाइजर्स लाना न भूलें। शादी के कार्ड का उद्देश्य पूरा करने तथा आदर्श प्रस्तुत करने के लिए नवदंपत्ति सामाजिक दूरी बनाते हुए डंडियों की सहायता से एक-दूसरे को पुष्पमालाएँ पहनायेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### टाटा एआईए ने जीता कीन्सेन्ट्रिक बेस्ट एम्प्लॉयर इन इंडिया खिताब लगातार सातवीं बार!

**गुरुग्राम।** भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनियों में से एक टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) को 2022 का कीन्सेन्ट्रिक बेस्ट एम्प्लॉयर इन इंडिया पुरस्कार दिया गया है। दुनिया भर में नामचीन प्लेटफार्म कीन्सेन्ट्रिक कर्मचारियों के साथ जुड़ाव और उनके विकास में उद्योग में सबसे अग्रणी संगठनों को प्रदर्शित करता है। इस जीत ने टाटा एआईए को कीन्सेन्ट्रिक बेस्ट एम्प्लॉयर्स क्लब में स्थान दिलाया है। इस एक्सक्लूसिव क्लब में आज तक सिर्फ 10 कंपनियां पहुंच पायी हैं। कीन्सेन्ट्रिक इंडिया बेस्ट एम्प्लॉयर्स क्लब में सदस्यता हासिल करने के लिए एक कठिन मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। इस प्रक्रिया में पिछले तीन सालों के सर्टीफिकेशन्स की जांच के साथ-साथ संगठन की मौजूदा कर्मचारी प्रक्रियाओं का गहन विश्लेषण भी किया जाता है। अपने कर्मचारियों को सकारात्मक अनुभव प्रदान करने के लिए सदस्य संगठनों द्वारा चलायी जाने वाली पहलों और प्रथाओं को कितने लंबे समय से चलाया जा रहा है इस बात पर मूल्यांकन में गौर किया जाता है। इस अवसर पर टाटा एआईए की प्रेसिडेंट और चीफ ह्यूमन रिसोर्सेस ऑफिसर क्रिस्टिल भेसानिया ने कहा, "कीन्सेन्ट्रिक बेस्ट एम्प्लॉयर का खिताब लगातार सातवीं बार मिलना और प्रतिष्ठित बेस्ट एम्प्लॉयर्स क्लब का सदस्य बनना टाटा एआईए में हम सभी के लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है। यह सबसे सही बैरोमीटर है जो कर्मचारी-केंद्रित प्रथाओं और हमारे कर्मचारियों के प्रति हमारी मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस यात्रा में एचआर टीम के मेरे सभी सहयोगियों और सीनियर लीडरशिप टीम के योगदान और समर्थन के लिए मैं उनका आभारी हूं।" उन्होंने आगे कहा, "टाटा एआईए को चालना देने वाले मुख्य मूल्यों में लोग हमेशा से ही महत्वपूर्ण रहे हैं। संगठन के लोकाचार और संस्कृति में भी लोगों से सबसे अधिक महत्त्व दिया गया है। वृद्धि, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने वाला कार्य वातावरण बनाने के हमारे लगातार प्रयासों के लिए हमें यह खिताब मिला है। कर्मचारियों के साथ जुड़ाव और कल्याण हमारी बिजनेस नीति के अभिन्न भाग हैं। हमारे कर्मचारियों की वृद्धि और विकास के समर्थन के लिए हमारी लोग प्रक्रियाओं में लगातार सुधार के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।"

### हायर इंडिया का 2024 तक 100 बिलियन टर्नओवर का लक्ष्य

**हिसार।** हायर ने घोषणा करते हुए बताया कि ब्रांड का उद्देश्य साल 2024 के अंत तक अपने सभी होम एप्लायंसेस और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक वन स्टॉप सॉल्यूशन बनकर 10,000 करोड़ रुपये के कारोबार के लक्ष्य को तय करना है। यह आंकलन क्रमशः साल 2023 और साल 2024 में राजस्व में 40% एवं 30% की अपेक्षित वृद्धि के अनुरूप है। हमेशा से ही अपने मूल में ग्राहक केंद्रित होने के साथ, कंपनी ने इंडस्ट्री में कई सबसे पहले प्रोडक्ट लॉन्च किये हैं जिनमे 3 डोर साइड-बाय-साइड (एसबीएस) रेफ्रिजरेटर, बॉटम माउंटेड रेफ्रिजरेटर (बीएमआर), ग्लास डोर रेफ्रिजरेटर, सेल्फ-क्लीन इन्वर्टर एवं वाशिंग मशीन में एंटी -स्केलिंग टेक्नोलॉजी, वॉटर हीटर्स में शॉक प्रूफ टेक्नोलॉजी, एयर कंडीशनर में सेल्फ-क्लीनिंग जैसे कई अन्य प्रोडक्ट्स शामिल हैं। कस्टमर्स की जरुरतों को ध्यान में रखते हुए, हायर लगातार अपनी मैन्युफैक्चरिंग कैपेबिलिटीज का विस्तार करते हुए, बिक्री के बाद सेल्स नेटवर्क को मजबूत कर अपने 'मेक इन इंडिया' और 'मेड इन इंडिया' स्ट्रेटेजी के साथ अलाइन हो कर अपने ऑपरेशनल एक्सीलेंस के निर्माण के साथ भारत में सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के प्रोडक्ट्स लेकर आया है। हायर इंडिया के प्रेसिडेंट, श्री सतीश एनएस, ने कहा, हायर इंडिया में हम हमेशा से ही विकसित होने वाले आईओटी / डिजिटल और कस्टमर ट्रांसफॉर्मेशन ट्रेंड्स पर काम करते रहते हैं ताकि बेस्ट-इन-क्लास इनोवेशन को पेश किया जा सके जो कि आज के भारतीय उपभोक्ताओं को सही मायने में लाभान्वित करता है।

### लिट्रेसी इंडिया के शैक्षिक कार्यक्रमों से विद्यापीठ के 10,000 से अधिक छात्रों को लाभ मिलता है

**गुरुग्राम।** गैर-लाभकारी संगठन, लिटरेसी इंडिया और डिजिटल एकीकृत व्यापार सेवाओं के अग्रणी प्रदाता, टेलीपरफॉर्मेंस इंडिया ने सामाजिक बदलाव के कार्यक्रमों को क्यूरेट करने के लिए मिलकर काम करने का फैसला किया है। लिट्रेसी इंडिया, 17 भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उपस्थिति के साथ, 800,000 से अधिक बच्चों, युवाओं और महिलाओं के जीवन में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहा है। डिजिटल मेंटॉरशिप प्रोग्राम के तहत, डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को टेलीपरफॉर्मेंस इंडिया के अग्रणी लोगों और डिजिटल विशेषज्ञों से मूल्यवान अंतर्दृष्टि और प्रशिक्षण प्राप्त करने का एक अनूठा अनुभव है। यह कार्यक्रम अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के इच्छुक युवा मस्तिष्क के लिए बेहद फायदेमंद साबित हुआ है। इस साझेदारी ने पिछले 18 वर्षों से सामाजिक विकास लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता को निरंतर पूरा किया है। लिटरेसी इंडिया विद्यापीठ स्कूल ने अपने शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने स्मार्ट क्लासेस, अनुभवात्मक शिक्षा, खेल, मार्शल आर्ट्स, वोकेशनल स्टडीज और डिजिटल मेंटॉरशिप के माध्यम से 10000 छात्रों को पढ़ाने के लिए स्वेच्छा से प्रभावित किया है।

# मथुरा में शोभायात्रा पर पथराव के बाद तनाव

## -पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया, गांव में पुलिस बल तैनात, माहौल तनावपूर्ण

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर निकाली जा रही शोभायात्रा के दौरान विवाद हो गया। पुलिस की मौजूदगी में दो पक्षों में जमकर ईंट पत्थ चले। दोनों ओर से हुए पथराव में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। पुलिस बल तैनात किया गया है। शुक्रवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में पहली बार ग्राम प्रधान के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाले जाने का फैसला हुआ था। हालांकि यात्रा को लेकर कई दिन पहले से गांव में तनाव था। एक दिन पहले गांव में पंचायत भी हुई थी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के मुताबिक शोभायात्रा की प्रशासन से अनुमति भी ली गई थी। प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने बताया कि शोभायात्रा को निकालने को लेकर एक दिन पूर्व गांव में सर्व समाज की पंचायत हुई थी। उस दौरान सभी ने शोभायात्रा निकालने की सहमति दे दी थी। आज शोभायात्रा निकालने के दौरान कुछ लोगों ने पथराव कर दिया है। गांव में पहली बार आंबेडकर की शोभायात्रा निकाली जा रही थी, इसकी प्रशासन की ओर से उनके पास अनुमति भी है। लोगों द्वारा



**8 लोगों ने प्रशासन पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके सामने ही लोग ईंट बरसा रहे थे**

गांव में आंबेडकर शोभायात्रा निकाली जा रही थी। दोपहर 12 बजे जैसे ही शोभायात्रा उन लोगों के मोहल्ले की ओर गई जो इसका विरोध कर रहे थे। इन लोगों ने शोभायात्रा को निकालने से रोक दिया। शोभायात्रा में शामिल लोग जब जबरन शोभायात्रा को निकालने लगे, तो दूसरे पक्ष के लोगों में आक्रोश फैल गया और पथराव शुरू हो गया। इस दौरान दोनों ओर से पथराव हुआ। शोभायात्रा में शामिल लोगों में अफरा तफरी मच गई। तमाशा देख रहे लोग छिपने के लिए इधर उधर भागने लगे। पथराव में कई लोग घायल हो गए। काफी देर तक दोनों ओर से पथराव होता रहा। ग्राम प्रधान के मुताबिक महत्वपूर्ण यह है कि जिस दौरान यह घटना हुई कुछ पुलिसकर्मी भी वहां मौजूद थे। घटना की सूचना मिलते ही कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। तब भी स्थिति काबू में नहीं हुई। तब प्रशासन ने गांव में आरआरएफ एवं पीएसी तैनात की। एक पक्ष के लोगों ने पुलिस प्रशासन पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके सामने ही दूसरे पक्ष के लोग ईंट पत्थर बरसा रहे थे। पुलिस ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस चाहती हो मामला वहीं शांत कर सकती थी।

## निकाय चुनावः फिर जमीनी कार्यकर्ता के हिस्से में 'सिर्फ कसक'



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** निकाय चुनावों की रणभेरी बज चुकी है। सभी राजनीतिक दलों में इस समय बेचैनी है। सबसे ज्यादा बेचैन है तो वह जमीनी कार्यकताओं में जो वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं। टिकट की बारी में ऐन मौके पर किंतु परंतु का शिकार हो जाते हैं। यह वह निष्ठावान कार्यकर्ता हैं जो बड़े नेताओं की तरह मौका लगते ही पाली नहीं बदलते और हर हाल में पार्टी के साथ रहते हैं। लगभग सभी राजनीतिक दलों में इस समय ऐसे कार्यकताओं की कसक एक जैसी है। अपनी मेहनत के बल पर टिकट मांग रहे ये खांटी कहे जाने वाले कार्यकर्ता कहीं किसी बाहरी के टिकट ले उडने तो कहीं किसी बड़े नेता के शागिर्द के अचानक प्रबल दावेदार बन कर उभर आने से खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। कहीं जातिवाद तो कहीं भाई भतीजा बाद ने इनकी आस पर पानी फेर दिया है। कोई वर्षों की मेहनत पर पानी फिरता देख मन मार कर चुप बैठा है तो गई अपनी पीड़ा छुपा नहीं पा रहा है।

## टीम देवेंद्र कादियान ने ग्रामीण हलके की कॉलोनियों में बांटें कैलेंडर



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**जजपा** के प्रदेश संगठन सचिव एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान की टीम ने शुक्रवार को धूप सिंह नगर और भारत नगर बबैल रोड पर घर-घर जाकर जेजेपी पार्टी के कैलेंडर बांटे। देवेंद्र कादियान के निजी सचिव नितिन अहलावत ने बताया कि देवेंद्र कादियान द्वारा एक मुहिम चलाई गई है की हर घर उनका कैलेंडर होना चाहिये। उस पर उनका मोबाइल नंबर भी लिखा हुआ ताकि कॉलोनीवासी उनसे सीधा संवाद करते हुए अपनी समस्याएं बता सके। ताकि कालोनी वासियों की समस्याओं का समाधान करावाया जा सके। वहीं देवेंद्र कादियान की टीम ने लोगों से संवाद किया और देवेंद्र कादियान की कार्यशैली आमजन को बताने का काम किया। उन्होंने बताया की कादियान जी बिना भेदभाव के 36 बिरादरी के काम करते हैं , वे सभी को साथ लेकर चलते है और विधायक न होते भी लोगों की आशाओं पर खरा उतरने का काम कर रहे हैं। नितिन अहलावत,अनुज धीमान,अजय शर्मा,संजय वर्मा,दीपक शर्मा,जोनी,राजबीर प्रजापत,सोनी पंडित आदि मौजूद रहे।

## बगीची में विधि के छात्र का मिला शव

**मथुराः** बीएसए कॉलेज से बीएएलएलबी कर रहे तृतीय वर्ष के छात्र का शव कॉलेज के पास ही एक बगीची में मिला है। छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्र के शरीर पर चोटों के निशान नहीं थे। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। युवक प्रताप नगर वेस्ट में एक मकान में किराए पर रहता था। युवक यहां अपने साथियों के साथ किराये के मकान में करीब डेढ़ साल से रह कर पढाई कर रहा था। बीएसए कॉलेज के पास हनुमान बगीची है। यहां एक मंदिर है। शुक्रवार की सुबह पुजारी जब मंदिर पहुंचे तो एक युवक उन्हें तखत पर लेटा मिला।

## वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक सरकार से नहीं लेंगे कोई भी वेतन या भत्ता



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पानीपत जि**ला परिषद की दूसरी सामान्य बैठक बृहस्पतिवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में हुई। बैठक में जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में चेयरपर्सन ज्योति शर्मा व वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक ने बताया कि वित वर्ष 2022-23 के समापन पर राज्य वित आयोग की तरफ से प्राप्त हुई 4.31 करोड़ की राशी से 221 विकास एवं जनहित के कार्य करवाये गये है। इतने कम समय में सभी ग्रांटों का सौ फीसदी प्रयोग किया गया है और कोई भी राशि लैप्स नहीं हुई है। वहीं बैठक में जिला परिषद के वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक ने घोषणा की वे सरकार व पंचायती राज विभाग द्वारा दिया जाना वेतन, भत्ता एवं अन्य कोई भी आर्थिक लाभ नहीं लेंगे। आर्य सुरेश मलिक की इस पहल का चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, सीईओ विवेक चौधरी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी संजीव कुमार व बैठक में मौजूद सभी पार्षदों ने स्वागत किया है। वहीं आर्य सुरेश मलिक द्वारा कोई भी लाभ नहीं लेने की घोषणा का पानीपत जिलाभर के गणमान्य लोगों ने स्वागत किया है। बैठक में वित्त आयोग की स्वीकृति देने को लेकर प्रस्तुत सभी प्रस्तावों को भी सामान्य बैठक में सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।

## लापरवाहीः कहीं आग, कहीं पानी ने निकाले किसानों के आंसू

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

नौहझील क्षेत्र में आग की चपेट में आकर 10 बीघा गैहूं की फसल नष्ट हो गई। वहीं पैंठा अडींग मार्ग पर करीब सै बीघा जमीन में पानी भर गया। यहां किसी खेत में भूसा तो किसी में गेहूं पडा हुआ था।

नौहझील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पालखेड़ा के गांव गढ़ी रायकरन में अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। ग्राम पंचायत प्रधान केदारी सिंह ने बताया कि गांव गढ़ी रायकरन निवासी किसान किशन फौजदार, गिरधारी फौजदार, निरंजन फौजदार व मानसिंह फौजदार की लगभग तीस बीघा जमीन है, जिसमें गेहूं की फसल थी। जिसमें अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से लगभग दस बीघा गेहूं की फसल व उसके समीप रखा करीब दो सौ मन भूसा जलकर राख हो गया। सूचना दमकल में दी गई, दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। किसानों ने जिलाधिकारी से मदद की मांग की है। दूसरी ओर गोवर्धन ब्लॉक खण्ड के अडीग पैठा मार्ग पर शुक्रवार की सुबह किसानों की सौ बीघा करीब जमीन जलमग्न हो गई। किसानों का खेतों में पड़ा हुआ



**8 गोवर्धन ब्लॉक खण्ड के अडीग पैठा मार्ग पर शुक्रवार की सुबह किसानों की सौ बीघा करीब जमीन जलमग्न हो गई**

भूसा और गेहूं पानी में नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों ने सिंचाई विभाग के जेई और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया। अडीग पैठा मार्ग पर सिंचाई विभाग द्वारा पुलिया के निर्माण कराया जा रहा है। जिसको लेकर सिंचाई विभाग द्वारा पुलिया से पहले आड़ लगाकर पानी का रुकाव कर दिया गया। गुरुवार की बीती रात बम्बा का पानी आ जाने से पुलिया के सहारे किसानों के खेतों में पानी भर गया।

## तिरंगा शाखा में आप ने मनाई अम्बेडकर जयंती

**मथुराः** तिरंगा शाखा की ओर से आकाश गार्डन सदर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उपस्थित सभी ने बाबासाहेब आंबेडकर को याद कर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है।

## अमित शाह का जोरदार अंतर्राष्ट्रीय पंच: दुनिया के किसी भी कोने से घसीट लिए जाएंगे अपराधी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के दिशा-निर्देश में देश की पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को आज इतना ताकतवर बना दिया गया है कि अब दुनिया के किसी भी कोने में छिपे अपराधियों और आतंकवादियों को घसीट कर भारत लाया जा सकता है। अमित शाह ने पिछले साल अगस्त में ही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच और राष्ट्रीय जांच एजेंसी को देश या विदेश में छिपे अपराधियों और आतंकवादियों का कानूनी रूप से पीछा करने व उन्हें घसीट लाने का सख्त निर्देश दिया था। अमित शाह की कुशल नीतियों और प्रयासों ने देश और दुनिया की सुरक्षा एजेंसियों को एक मंच पर लाने का कार्य किया है, जिसका नतीजा है कि अब वह दौर नहीं रहा, जब भारत में जुर्म करने के बाद अपराधी विदेशों में छुप कर खुद को बचा लेते थे। दिल्ली के लिए नासूर बन चुके गोगी गैंग का मुखिया दीपक बॉक्सर ने भी जनवरी, 2023 में फर्जी पासपोर्ट बनाकर विदेश भागने का रास्ता अपनाया था। वह डॉन्की रूट अपनाकर अलग-अलग देशों के रास्ते मैक्सिको तक जा पहुँचा था। हत्या, जबरन वसूली, आर्म्स एक्ट और डकैती के मामलों में नामजद वह देश का मोस्ट वांटेड गैंगस्टर है।

## इसुजु मोटर्स ने अपने उत्पाद बीएस 6 फेज 2 अनुरूप किये अपडेट

**जालंधर/लुधियानाः** इसुजु मोटर्स इंडिया ने पिकअप वाहनों और एसयूवी की अपनी समूची रेंज को अपडेट करके उन्हें बीएस 6 फेज 2 उत्सर्जन नियमों के अनुरूप बनाया है। कंपनी ने अपने वाहनों के चुनिंदा मॉडलों में नई विशेषताओं का समावेश किया है, ताकि उनमें बेहतर स्टाईलिंग, सुरक्षा, आराम, एफिशियंसी, और उत्सर्जन पर नियंत्रण मिल सके। इसुजु डी-मैक्स वी-क्रॉस जेड 4 बाय 2 ऐटी वैरिएंट का स्टाईल बेहतर हुआ है। इस रेंज में एक नया व आकर्षक कलर वैलेंसिया ऑरेंज को भी पेश किया गया है। इसुजु डी-मैक्स रैगुलर कैब और एस-कैब के मॉडलों में आफ्टर ट्रीटमेंट डिवाईसेज जैसे लीन नॉक्स ट्रैप, डीजल पार्टिकुलेट डिफ्यूजर के साथ अबएक्टिव सलेक्टिव कैटालिस्ट रिडक्शन को शामिल कर दिया गया है, ताकि वाहन से निकलने वाली गैसों और सूक्ष्म कणों को बेहतर नियंत्रित किया जा सके। इसुजु डी-मैक्स रैगुलर कैब और एस-कैब इस सेगमेंट के एकमात्र वाहन हैं, जिनमें प्रभावशाली ट्रीटमेंट मैनेजमेंट के लिए इलेक्ट्रॉनिकली कंट्रोल्ड हॉट एवं कोल्डएग्जॉस्ट गैस रिसकुर्लेशन है।

## मनोरथः चीर घाट पर यमुना जी को उढाई चुनरी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** वृंदावन परिक्रमा मार्ग के यमुना तट स्थित चीर घाट पर माधवी अग्र शक्ति के तत्वाधान में चुनरी मनोरथ का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर वैदिक रीति रिवाज के मध्य सर्वप्रथम पूजन अर्चन किया गया और उसके बाद यमुना महारानी को चुनरी उड़ाई गई। वही संस्था की पूर्व अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने बताया कि माधवी अग्र शक्ति संस्था के द्वारा हमेशा ही सामाजिक और समाज के हित में आने वाले कार्यों को किया जाता है।



उनकी संस्था के द्वारा समय समय पर कोई ना कोई सामाजिक और धार्मिक कार्य किया जाता है। इसी के अंतर्गत आज माधवी अग्र शक्ति के पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा भव्य चुनरी मनोरथ का आयोजन किया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की संयोजिका संस्था की वर्तमान अध्यक्ष आभा अग्रवाल है। उनके द्वारा ही इस कार्यक्रम को संयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था लगातार 20 वर्षों से समाज के हित में कार्य कर रही है। उनकी संस्था के द्वारा सामाजिक और धार्मिक कार्य निरंतर किए जाते हैं। उनकी संस्था का उद्देश्य है, कि समाज में हर व्यक्ति खुशहाल जीवन व्यतीत करें। इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष आंजना, मंत्री नीतू, कोषाध्यक्ष चंचल, उपमंत्री कुसुम, नीमा अग्रवाल, सीता, सुनीता, साधना, रजनी, सुरभि, रुचि, रेणु, मीनू, गुंजन, सुधा, श्रुति आदि सदस्या मौजूद रहीं।

## डॉ अंबेडकर फाउंडेशन ने सांखोल ने मनाया बाबा साहेब का जन्मदिवस

### बहादुरगढ़ पत्रकार संघ के महासचिव राकेश पंवार रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** डॉ अंबेडकर फाउंडेशन सांखोल कार्यालय में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का 132 वां जन्म दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया गया और बाबा साहेब के 3 मूल विचार शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो की नीतियों पर विचार रखें और भविष्य में उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

बाबा साहेब के जन्म दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बहादुरगढ़ पत्रकार संघ के महासचिव राकेश पंवार रहे। बाबा साहेब को नमन करते हुए राकेश पंवार ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने से समाज में आपसी सद्भावना व भाईचारा मजबूत होगा। उन्होंने



समाज में शोषण व अन्याय को खत्म किया। वो एक महान दार्शनिक, बुद्धिजीवी, समाज सुधारक व स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माता थे।

इस अवसर पर फाउंडेशन के महासचिव प्रदीप तंवर व कृष्ण तंवर ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि बाबा साहेब ने हमेशा गरीबों, समाज के कमजोर वर्गो व महिलाओं के लिए आर्थिक और सामाजिक हितों की वकालत की।

इस अवसर पर आत्मसुद्धि आश्रम पर आचार्य महाराज विक्रम देव, वार्ड एक के पार्षद रजनीश उर्फ मोनू ,वार्ड 25 से पार्षद रमन यादव, राष्ट्रीय पूर्वांचल परिवार के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा, लाइनपार कबीर आश्रम से महंत निगम दास जी, संत कबीर शिक्षा समिति छुड़ानी के महासचिव महेंद्र दास, बलबीर सिंह तंवर, ओमप्रकाश तंवर, राजपाल तंवर, रमेश तंवर, रण सिंह

**8 बाबा साहेब के 3 मूल विचार शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो की नीतियों पर विचार रखें**

तंवर, करण सिंह चौहान, नरेश तंवर, शशि तंवर, आकाशदीप तंवर, विकास दीप तंवर,दिनेश तंवर, रॉकी तंवर, राकेश तंवर, यश तंवर, सुजल तंवर, मनोज वाडिया, सुरेंद्र राठी, सुंदर राठी, दिनेश राठी, योगेश राठी, धर्मपाल राठी, प्रदीप राठी, भोली राठी ,ओमप्रकाश चाहर, देवेंद्र दहिया, शमशेर निरवाल, बलजीत सिंह, दीवान सिंह, तमन्ना सिंह, अंजलि तंवर, शीला तंवर ने बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए देश सेवा के र्मा पर चलने का संकल्प लिया।

## जमाल हुसैन तीसरे राउंड के बाद भी शीर्ष पर काबिज, दो शाट की बढ़त

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**बांग्लादेश के** जमाल हुसैन ने चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में आयोजित की जा रही एक करोड़ रुपये की ईनामी राशि वाली टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप 2023 में तीसरे दिन भी अपनी बढ़त को कायम रखा है। ढ़ाका निवासी जमाल (70-67-69) अपने बीते दिन के खेल से दो शाट की बढ़त बनाये हुये है जिससे की उनका कुल स्कोर 10-अंडर 206 है। गत सप्ताह नोएडा में ही आयोजित टाटा स्टील पीजीटीआई में उपविजेता रहे फरीदाबाद के करण प्रताप



सिंह (70-70-68) ने दिन का अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर 68 कर अपनी अच्छी फार्म को जारी रखा और 8-अंडर 208 के साथ चार पायदान उपर दूसरे स्थान पर काबिज हो गये हैं। 38 वर्षीय जमाल जिन्होंने वर्ष 2019 में पीजीटीआई का आयोजन अपने नाम किया था, ने पहले पांच होल में तीन बर्डी की बदौलत शानदार शुरूआत ली जिसमें उन्होंनें बेहतरीन चिप्स जमाये।

करण प्रताप सिंह जोकि बीते दिन तीन अंकों की बढ़त के साथ छठवे स्थान पर थे, उन्होंनें शुक्रवार को अपने 68 स्कोर के लिये सात बर्डी और तीन बोगी किये जिससे की वे शीर्ष की दौड़ में शामिल हो गये। चंडीगढ़ के हरेन्द्र गुप्ता (70) ने दिल्ली के कपिल कुमार (69) और ग्रेटर नोयडा के अर्जुन शर्मा (70) के साथ 7-अंडर 209 के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुये अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है।

सूचना-सम्पर्क-सेवा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश

हर्ष, संघर्ष...
प्रगतिशील हिमाचल 75 ऐतिहासिक वर्ष
1948 - 2023

# हिमाचल दिवस
के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को

# हार्दिक शुभकामनायें



1.36 लाख की पुरानी पेंशन -
अब हुई बहाल

₹1500 मासिक पेंशन -
बढ़ा 2.31 लाख महिलाओं
का स्वाभिमान

1,40,000 नए रोज़गार -
होंगे युवा सामर्थ्यवान

सुख-आश्रय कोष (₹101 करोड़) -
सुनिश्चित हुई निराश्रितों की देखभाल

हिम गंगा योजना ₹500 करोड़ -
किसानों की बढ़ेगी आमदनी
मिलेंगे उचित दाम

मानदेय बढ़ोतरी से खुश -
पैरा वर्कर्ज़ और मनरेगा कामगार

हर विधानसभा क्षेत्र में खुलेंगे
गुणात्मक शिक्षा के लिए
राजीव गांधी डे-बोर्डिंग संस्थान

सभी मेडिकल कॉलेजों में
रोबोटिक सर्जरी का होगा प्रावधान

ई–टैक्सी खरीद के लिए
50% की दर से उपदान

सभी जिला मुख्यालयों में होगा
हेलीपोर्ट का निर्माण

हरित ऊर्जा में हिमाचल
हो रहा प्रकाशमान



"आलौकिक खूबसूरती और असाधारण वीरता की धरती देवभूमि हिमाचल प्रदेश के "प्रदेश गठन दिवस" पर सभी प्रदेशवासियों को अनंत शुभकामनाएँ।

इस शुभ अवसर पर आइये हम सब मिलकर एक नए दृढ़ इरादे के साथ समृद्ध हिमाचल प्रदेश का सृजन करने में भागीदार बनें।"

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश

सुख की सरकार
हिमाचल सरकार

जारीकर्ता: सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार
www.himachalpr.gov.in HimachalPradeshGovtPRDept dprhimachal dprhp